


# रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर करें सख्ती




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 जून।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने चंबल संभाग के कलेक्टर्स एवं एसपी के साथ आयोजित वीसी के दौरान निर्देश दिये कि श्योपुर, भिण्ड एवं मुरैना जिले में रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जायें। उन्होंने कहा कि चंबल

**मुख्य सचिव ने कलेक्टर-एसपी को दिए निर्देश**

अभ्यारण क्षेत्र से होने वाले रेत के अवैध उत्खनन पर पूर्णतया रोक लगाई जाये तथा अवैध उत्खनन करने वालों पर कडी कानूनी कार्यवाही की जाये, बगैर नंबर के वाहनों को जब्त किया जायें तथा अवैध परिवहन के रास्तों पर नाकेबंदी बढाई जायें, इस दौरान उन्होने अभी तक किये गये विभिन्न उपायो की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि चंबल अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत चंबल नदी सहित अन्य नदियों से निकलने वाली रेत को पूरी तरह से रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये तथा चौकिंग नाके बनाये जायें। जिला स्तर पर कलेक्टर, एसपी एवं डीएफओ समन्वय के साथ कार्यवाही करें तथा पुलिस, परिवहन, खनिज, राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा निगरानी बढाई जायें। इस अवसर पर ग्वालियर कमिश्नर मनोज खत्री, चंबल कमिश्नर सुरेश कुमार सहित भिण्ड, मुरैना के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ आदि मौजूद रहें।

वीसी के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, माइनिंग आफिसर राजेश गंगेले आदि अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जायें तथा नदियों से होने वाले रेत के अवैध उत्खनन पर पूरी तरह से रोक लगाई जायें। रेत के अवैध परिवहन और भण्डारण पर भी कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। नदियों के आसपास जहां भी डम्प कर रखी गई हो वहा रेत का विनिष्टीकरण किया जायें।

वीसी के उपरांत कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में रेत के अवैध उत्खनन को पूर्ण तरीके से रोकने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें, अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। श्योपुर जिले में स्थित चंबल अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत चंबल नदी सहित अन्य नदियों से रेत का अवैध उत्खनन पूरी तरह से रोकने के लिए कार्यवाही की जायें। इसके लिए बडौदा एवं श्योपुर में अलग-अलग टीमें गठित की जायें, जिसमें रेंज आफिसर, थाना प्रभारी एवं तहसीलदार शामिल रहेंगे। बगैर नंबर वाले वाहनों पर आरटीओ द्वारा कार्यवाही की जायें, उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा चंबल अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत श्योपुर जिले में चिन्हित किये गये 12 घाटों पर रेत का अवैध उत्खनन रोकने के लिए कडी निगरानी रखते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

## 9वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 16 तक

**श्योपुर, 8 जून।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर में कक्षा 9वी की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून नियत की गई है। प्राचार्य सीताराम आदिवासी ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 9वी में राज्य स्तर से आयोजित परीक्षा में चयनित होने के पश्चात् शेष रिक्त सीटो पर प्रवेश हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये है। स्थानीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन संभावित तिथि 20 जून को विद्यालय में किया जायेगा। परीक्षा में भाग लेने के लिए 8वी कक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उर्तीण होना आवश्यक है। विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक लाना होंगे। ऐसे छात्र जो 9वी कक्षा में प्रवेश लेना चाहते है वे प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश ले सकते है।

# मेले पुरातन संस्कृति के परिचायक : सांसद



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 जून।** मुरैना संसदीय क्षेत्र के सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने श्री हजारेश्वर महादेव मेला के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में

**प्राचीन श्री हजारेश्वर महादेव मेले का शुभारंभ**

संबोधित करते हुए कहा कि मेले हमारी पुरातन संस्कृति के परिचायक है। सामाजिक सौहार्द के प्रतीक मेले हमारी परम्पराओं के संवाहक है।

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित शुभारंभ समारोह के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, श्रीमती मिथलेश तोमर, दिनेश दुबोलिया, मेला अध्यक्ष अकबर अली, सीएमओ राधेरमण यादव, गिर्राज चौधरी, महेश राठौर सहित पार्षदगण आदि उपस्थित थे। इस दौरान सांसद तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मेला का भ्रमण किया और पानीपुरी, आईसक्रीम आदि व्यंजनो का स्वाद लिया।

सांसद श्री तोमर द्वारा फीता काटकर तथा मेला रंगमंच पर दीप प्रज्जवलन के साथ श्योपुर के प्राचीन श्री हजारेश्वर महादेव मेले का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर जयपुर के प्रसिद्ध भजन गायक श्री पुरूषोत्तम शर्मा बृजवासी द्वारा भजनो की शानदार प्रस्तुती दी गई।

**मेला रंगमंच पर भजन संध्या का आयोजन**

नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में आयोजित प्राचीन श्री हजारेश्वर महादेव मेला के शुभारंभ अवसर पर जयपुर के प्रसिद्ध भजन गायक पुरूषोत्तम शर्मा बृजवासी द्वारा भगवान राम-जानकी, राधेकृष्ण, भगवान शिवशंकर सहित खाटूश्याम जी को समर्पित भजनो की शानदार एवं गौरवमयी प्रस्तुतियां दी गई।

# शिविरों में पात्र हितग्राहियों को लाभ दें : एडीएम



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 जून।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सभी विभागीय अधिकारियों

**जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण और निगरानी को बनाया प्रभावी**

को निर्देश दिये कि 12 जून से 18 जून तक विकासखण्ड स्तर पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसके तहत ऐसे पात्र आवेदक जो योजनाओं का लाभ मिलने से शेष है, उनका पंजीयन किया जायें तथा संबंधित हितग्राही को लाभ प्रदान किया जायें। उन्होंने कहा कि कराहल में 12 से 14 जून, श्योपुर में 15 से 17 जून तथा विजयपुर में 16 से 18 जून तक जनपद पंचायतों में यह शिविर आयोजित होंगे। संबंधित सीईओ जनपद को शिविर के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। बैठक में एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## योजनाओं का लाभ प्रदान करने नगरीय निकायो में लगेगे शिविर

**श्योपुर, 8 जून।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के शेष पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किये जाने के उद्देश्य से नगरीय निकायो में जनकल्याण शिविर आयोजित किये जा रहे है। यह शिविर 12 से 14 जून तक नगरपरिषद बडौदा में, 15 से 16 जून तक नगरपालिका श्योपुर में तथा 17 से 18 जून तक नगरपरिषद विजयपुर में आयोजित होंगे।

संबंधित सीएमओ को शिविर के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन शिविरों में ऐसे पात्र हितग्राही जो योजनाओं के लाभ से शेष है, उनका पंजीयन कर लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की जायेगी।

# श्योपुर में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 जून।** जिले की कानून व्यवस्था में कसावट लाने और पुलिसिंग को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से

**कानून व्यवस्था सुधारने एसपी ने 80 पुलिसकर्मियों के किए तबादले**

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने एक बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के कड़े दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए एसपी ने जिले के 80 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से इधर से उधर कर दिया है।

इस थोक तबादला सूची के जारी होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। आधिकारिक आदेश के रूप में सामने आई हैं) के अनुसार, लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों और कर्मचारियों को हटाकर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

**तबादला सूची का पूरा समीकरण, प्रमुख नाम और नई पदस्थापना :** आदेश की प्रति फाइल के अनुसार, सूची में सबसे पहला नाम कार्यवाहक उप निरीक्षक ;प्द्ध महावीर कंषाना का है, जिन्हें विजयपुर से हटाकर थाना कोतवाली भेजा गया है। वहीं, सहायक उप निरीक्षकों में ब्रजराज यादव को कोतवाली से कराहल, कौशलेन्द्र सिंह को मानपुर से विजयपुर और रूपसिंह मांझी को विजयपुर से मानपुर थाना स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त, कई महिला आरक्षकों और सीसीटीएनएस (ब्ब्ज्छै) प्रभारियों को भी इधर से उधर किया गया है।

**तत्काल रवानगी के निर्देश :** एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के हस्ताक्षर से 08/06/2026 को जारी इस आदेश में रक्षित निरीक्षक और संबंधित थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि स्थानांतरित किए गए सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी नवीन तैनाती स्थल पर अविलंब आमद दर्ज कराएं। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। माना जा रहा है कि इस बड़े फेरबदल से जिले के दूरदराज और संवेदनशील थानों की कार्यप्रणाली में तेजी आएगी और आगामी समय में अपराधियों पर नकेल कसने में मदद मिलेगी।

# मंडी टैक्स हमारा तो सड़क किसी और की क्यों?



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 जून।** जब फसल बेचने पर टैक्स हम देते हैं, मंडी प्रशासन की जेब हमारी गाढ़ी कमाई से भरती है, तो फिर यहां की सड़कें इतनी खस्ताहाल क्यों हैं? प्रशासन हमारे ही टैक्स के पैसे से इस मंडी की किस्मत क्यों नहीं बदल देता?

**श्योपुर अनाज मंडी की बदहाली पर भड़के किसान**

यह तीखा सवाल आज श्योपुर कृषि उपज मंडी में अपनी उपज लेकर आए सैकड़ों किसानों की जुबान पर है।

श्योपुर की मुख्य अनाज मंडी इन दिनों अव्यवस्थाओं और बुनियादी ढांचे के ढहने का जीवंत उदाहरण बन चुकी है। मंडी परिसर और इसके मुख्य पहुंच मार्गों की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि आए दिन किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पलटते-पलटते बचती हैं। बारिश का मौसम नजदीक आते ही यह गुस्सा अब बड़े आंदोलन की शक्ल लेता दिख रहा है।

**मंडी शुल्क जाता कहां है? किसानों का सीधा सवाल :** मंडी में धान और गेहूं लेकर पहुंचे स्थानीय किसानों का कहना है कि सरकार और मंडी बोर्ड हर साल उनसे करोड़ों रुपये का मंडी टैक्स वसूलते हैं। इसके बावजूद जब वे अपनी सालभर की मेहनत बेचने आते हैं, तो उन्हें गड्ढों से भरी सड़कें, उड़ती धूल और कीचड़ के सिवाय कुछ नहीं मिलता।

**एक स्थानीय किसान नेता ने आक्रोश जताते हुए कहा :** प्रशासन बड़ी-बड़ी सड़क परियोजनाओं के दावे करता है, लेकिन जिस अन्नदाता के दम पर यह पूरी मंडी चलती है, उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। हमारी स्पष्ट मांग हैकृकिसानों से लिए गए टैक्स की राशि का एक हिस्सा सीधे तौर पर श्योपुर मंडी की अंदरूणी और मुख्य संपर्क सड़कों के निर्माण में ही लगाया जाए।

## लोक निर्माण मंत्री राकेश से मिले ऊर्जा मंत्री तोमर

**ग्वालियर, 8 जून।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान ग्वालियर शहर के साथ-साथ प्रदेश के विकास कार्यों, जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मुलाकात के दौरान प्रदेश में आधारभूत संरचना के विकास, सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति तथा नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# 15 दिन से अंधेरे में आदिवासी बस्ती



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 जून।** बड़ौदा तहसील अंतर्गत ग्राम महाराजपुरा की आदिवासी बस्ती में पिछले 15 दिनों से फूंके पड़े दो ट्रांसफार्मरों को बदलवाने एवं विद्युत व्यवस्था बहाल कराने की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों आदिवासी

**ट्रांसफार्मर नहीं बदले तो कलेक्ट्रेट पर गरजे ग्रामीण**

ग्रामीणों ने किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट श्योपुर पर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए तत्काल ट्रांसफार्मर बदलने और बिजली आपूर्ति शुरू करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि आदिवासी बस्ती में लगे 63 केवी एवं 25 केवी के दोनों ट्रांसफार्मर पिछले 15 दिनों से खराब पड़े हुए हैं, जिसके कारण पूरे गांव की बिजली व्यवस्था ठप है। बिजली बंद होने से पेयजल संकट गहरा गया है तथा भीषण गर्मी में बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन विभाग की उदासीनता और लापरवाही के चलते आज तक ट्रांसफार्मर नहीं बदले गए। किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला ने कहा कि जब तक ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण आदिवासी परिवार पिछले कई दिनों से अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं एवं पीने के पानी के लिए तरस रहे यदि समय रहते ट्रांसफार्मर नहीं बदले गए तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी बिजली कंपनी और प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर बिजली कंपनी के महाप्रबंधक लक्ष्मी नारायण पाटीदार, डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार जैन एवं कराहल एसडीएम बी.एस. श्रीवास्तव धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने एक-दो दिन के भीतर दोनों ट्रांसफार्मर बदलवाकर विद्युत आपूर्ति सुचारू करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

धरना प्रदर्शन में किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला, छात्र नेता अभिषेक मीणा, महेंद्र मीणा सहित सैकड़ों की संख्या में आदिवासी ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिले में 12 से 18 जून तक लगेंगे जनकल्याण शिविर



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 8 जून।** जिले में विकासखंड स्तर व नगरीय निकायों में 12 से 18 जून तक आयोजित होने जा रहे 'जनकल्याण शिविरों' को सभी जिला स्तरीय अधिकारी गंभीरता

**अंतरविभागीय समन्वय बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने दिए निर्देश**

से लें। इन शिविरों में पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभान्वित कराएं। इस आशय के निर्देश प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में दिए।

प्रभारी कलेक्टर सत्यम ने कहा कि जनकल्याण शिविरों में सीएम हैल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरण, राजस्व मामले और मौके पर प्राप्त जन शिकायतों का निराकरण भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिविरों में आवेदन का निराकरण पूरी गंभीरता से करें। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की मॉनीटरिंग सीएम हैल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। इसलिये प्राप्त सभी आवेदनों को पोर्टल पर अनिवार्यत: अपलोड करें। संबंधित अधिकारियों को जल्द ही पोर्टल का पृथक मॉड्यूल लॉगइन के लिये शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जायेगा।

सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में पारदर्शिता के साथ खाद वितरण के लिये सरकार द्वारा लागू की गई ई-विकास (ई-टोकन) प्रणाली, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, सीएम हैल्पलाइन, स्वामित्व योजना, ग्रामीण क्षेत्र की नल-जल योजनाओं के लिये सुचारू विद्युत आपूर्ति, अनुग्रह सहायता योजना व ई-ऑफिस सहित सरकार की अन्य स्वरोजगारमूलक व कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत व एडीएम सी बी प्रसाद सहित जिले के एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**अधिक से अधिक ई-टोकन बुक कराएं और संस्थाओं से कराएं खाद का उठाव :** प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम ने विशेष जोर देकर कहा कि खाद वितरण के लिए जिले के अधिकाधिक किसानों से ई-टोकन बुक कराएं। उन्होंने कहा कि अब केवल ई-विकास (ई-टोकन) प्रणाली के तहत ही खाद वितरित किया जायेगा।

**सीएम हैल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में ढिलाई पर जताई नाराजगी :** सीएम हैल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में कुछ विभागों की ढिलाई सामने आने पर प्रभारी कलेक्टर कुमार सत्यम ने नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन को संबंधित स्टाफ सहित कलेक्ट्रेट में बैठकर सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी व उप संचालक कृषि एवं सीसीबी के अधिकारियों को जिला पंचायत में बैठकर शिकायतों का निराकरण करने की हिदायत दी गई।

**बैठक की अन्य खास बातें एवं निर्देश**

स्वरोजगारमूलक योजनाओं के लक्ष्य के अनुसार 30 जून तक पर्याप्त प्रकरण बैंकों में सबमिट कराएं।
विभागीय अधिकारी ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत ऑनलाइन फाइलें ही भेजें।
शेष कार्यालय जल्द से जल्द बायोमैट्रिक अटेंडेंस मशीन लगवाएं।
नल-जल योजनाओं की बिजली आपूर्ति में कदापि बाधा न आए।
अनुग्रह सहायता के लंबित प्रकरण तेजी से निराकृत करें।
सभी विभाग 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कराएं और वायुदूत एप पर निर्धारित अंतराल से फोटो अपलोड करें।

# समय पर नहीं दी सेवाएं, 2 सचिवों पर लगाया जुर्माना

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 जून।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत समय


**लोक सेवाओं में लापरवाही पर हुई कार्यवाही**

सीमा में विभिन्न सेवाओं को प्रदाय नही करने पर 02 पंचायत सचिवों पर 500-500 रूपये का जुर्माना लगाया है। लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत आवेदक हितग्राहियों को लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से समय सीमा में विभिन्न सेवाओं को प्रदाय किये जाने का प्रावधान है।

लोक सेवा केन्द्रो के माध्यम से प्राप्त आवेदनों में समय सीमा में आवेदकों को सेवाओं का लाभ देने में लापरवाही बरतने तथा समय सीमा में सेवा प्रदान नही करने पर अधिनियम के तहत जुर्माने की कार्यवाही की गई है।

जिला रजिस्टार लोक सेवा प्रबंधन गिर्राज शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत मैदावली के पंचायत सचिव गणेश रावत पर 500 रूपये की शास्ती अधिरोपित की गई है, उनके द्वारा आवेदक श्रीमती संगीता जाटव के विवाह पंजीयन संबंधी आवेदन का निराकरण नियत समय सीमा में न किया जाकर दो दिवस विलम्ब से किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पाण्डोला के सचिव प्रमोद कुमार मावई पर आवेदक अलताफ द्वारा लोक सेवा के माध्यम से प्रस्तुत मृत्यु का अप्राप्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने संबंधी आवेदन का निराकरण एक दिवस के विलम्ब से किये जाने पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया है।

# पूर्व सीएमओ करोसिया बाल्मीक सेना के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 8 जून।** पूर्व सी एम ओ मुन्ना लाल करोसिया को बाल्मीकि सेना ( मार्शल कोम) का चंबल संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है

बाल्मीकि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी संतोष कल्याने की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी राजेश धौलपुरे ने पूर्व सी एम ओ मुन्ना लाल करोसिया को बाल्मीकि सेना मार्शल कोम का चंबल संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है इनकी नियुक्ति पर बाल्मीकि समाज के द्वारा मुन्ना लाल करोसिया का सम्मान किया गया करोसिया ने अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि में बाल्मीकि सेना की विचारधारा पर चलकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करूंगा बाल्मीक सेना के हित के लिए हमेशा तत्पट रहूंगा।